## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आकाश जघेंला का चयन



**बम्हनीबंजर।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता जबलपुर में 08 और 09 दिसंबर को आयोजित हुई थी। उसमें 5000 मी दौड़ में शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर के छात्र आकाश जंघेला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और 800 मी दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिनांक 15 और 16 दिसंबर को आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आकाश जंघेला रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की टीम में चयनित हुए हैं। डॉ.विवेक कुमार जायसवाल क्रीड़ा अधिकारी के मार्गदर्शन में विद्यार्थी ने सहभागिता की है। प्राचार्य डॉ.श्रीमती करुणा नेमा, डॉ.विवेक कुमार जायसवाल क्रीड़ा अधिकारी, प्रो. एस.पी. झारिया, डॉ.श्रीमती कुंती वराठे, डॉ.रंजीत कुमार भालेकर, डॉ.मनीष लाजेवार, डॉ.रियंका पटेल आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### आबकारी बल द्वारा की गई अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में आबकारी बल द्वारा मण्डला शहर में रात्रि गश्त के दौरान हागगंज मार्केट, बसस्टैंड, झूला पुल में दबिश की कार्यवाही की गई। आबकारी बल द्वारा मदिरा का अवैध विक्रय करने वाले दुकान/ भोजनालय से 45 नग देसी मदिरा प्लेन, 30 नग गोआ एवं जीनियस व्हिस्की, 10 बोतल विदेसी मदिरा जप्त किया गया। इस दौरान 4 प्रकरण मदिरा का अवैध रूप से विक्रय करने वालों के विरुद्ध दर्ज किये गए। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जप्त मदिरा की अनुमानित कीमत 17 हजार 500 रूपए आंकी गई है।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला।** संतोबाई निवासी ग्राम सिंगौधा तहसील नारायणगंज की 21 अगस्त 2025 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पुत्र इन्दर लाल के खाते में आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की गई है।

## चतुर्वेदी नैनपुर बीईओ प्रभार पर अदालत की लगी मुहर

# चतुर्वेदी हुये बहाल, आरोप निकले निराधार

*** उच्च न्यायालय का आया निर्णय।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



प्राचार्य, हाईस्कूल घाघा एवं पूर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नैनपुर सुभाषचंद्र चतुर्वेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग मण्डला द्वारा आदेश क्रमांक /6014, दिनांक 17/06/2025 के माध्यम से उन्हें हटाकर हीरेन्द्र कुमार वर्मा को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, नैनपुर का प्रभार सौंपा गया था।

आयुक्त, आदिवासी विकास भोपाल द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 20/06/2020 के अनुसार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर केवल वरिष्ठ शासकीय अधिकारी की ही पदस्थापना का प्रावधान है। इसी के आधार पर श्री चतुर्वेदी ने सहायक आयुक्त मण्डला को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था। अभ्यावेदन एवं उच्चस्तरीय निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में सहायक आयुक्त कार्यालय द्वारा आदेश क्रमांक /7073, दिनांक 23/06/2025 से पूर्व आदेश को निरस्त कर दिया गया।

श्री वर्मा ने उक्त निरस्तीकरण आदेश को उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका क्रमांक WP 28771/2025 के माध्यम से चुनौती दी। स्थगन आदेश के पालन में सहायक आयुक्त मण्डला ने आदेश क्रमांक /15622, दिनांक 27/10/2025 द्वारा श्री वर्मा को अंतिम निर्णय तक प्रभार सौंपने हेतु निर्देशित किया था।

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा दिनांक 17/11/2025 को अंतिम निर्णय पारित किया गया, जिसमें श्री वर्मा की याचिका को अस्वीकृत करते हुए आदेश क्रमांक /7073, दिनांक 23/06/2025 को यथावत रखा गया। साथ ही वरिष्ठता के आधार पर सुभाषचंद्र चतुर्वेदी को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नैनपुर के पद पर बनाए रखने के निर्देश जारी किए गए।

उच्च न्यायालय के अंतिम आदेश की प्रमाणित प्रति सहायक आयुक्त मण्डला को श्री चतुर्वेदी द्वारा दिनांक 21/11/2025 को प्रस्तुत की जा चुकी है एवं प्रभार ग्रहण कराने हेतु अनुरोध किया गया है। विभागीय प्रक्रिया में विलम्ब को देखते हुए श्री चतुर्वेदी ने 08/12/2025 को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नैनपुर में उपस्थित होकर वरिष्ठ कार्यालय को लिखित सूचना भी दे दी है।

### बे-बुनियाद आरोपों पर प्रतिक्रिया

श्री चतुर्वेदी ने बताया कि कुछ असंतुष्ट कर्मचारी नेताओं ने भ्रामक एवं आधारहीन आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), नैनपुर को ज्ञापन सौंपा है, जो पूर्णतः तथ्यहीन एवं द्वेषपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि लगभग 33 लाख रुपये के गबन का गंभीर मामला कोष एवं लेखा, जबलपुर की जांच टीम द्वारा उजागर किया गया था। जिला कलेक्टर मण्डला को रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद उनके द्वारा पुलिस थाना नैनपुर में विभागीय प्राथमिकी कराई गई। इस गबन प्रकरण में वर्ष 1998 से देयक शाखा प्रभारी रहे लेखापाल सुरेश कुमार तिवारी की मुख्य संलिप्तता पाई गई। इसी कारण उन्हें हायर सेकंडरी स्कूल मण्डला क्रमांक-2 में संलग्न किए जाने के बाद निलंबित किया गया।

पूर्णकालिक लेखापाल के अभाव में देयक शाखा का कार्य प्रभावित है, जिसके कारण सहायक ग्रेड-3 अशोक यादव द्वारा अस्थायी रूप से कार्य किया जा रहा है। वेतन तथा डीए एरियर्स का भुगतान समय पर किया जा चुका है, जबकि अध्यापक संवर्ग की क्रमोन्नति एरियर्स पूर्व विवरण उपलब्ध न होने के कारण लंबित हैं।

श्री चतुर्वेदी ने बताया कि वित्तीय अनुशासन बनाए रखने हेतु पूर्णकालिक लेखापाल की मांग सहायक आयुक्त कार्यालय मण्डला से की गई है। जैसे ही लेखापाल की पदस्थापना होती है, सभी शिक्षकों/कर्मचारियों के लम्बित स्वत्वों का भुगतान अतिशीघ्र किया जाएगा।

### शिक्षा विभाग में गुटबाजी चरम पर

पिछले काफी समय से शिक्षा विभाग में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर दो गुट बन गये हैं एक ओर वे लोग हैं जो ईमानदारी के साथ न केवल अध्यापन कार्य में रूचि लेते हैं बल्कि बच्चों का भविष्य बेहतर करने में लगातार लगे रहते हैं दूसरे वे लोग हैं जो अध्यापन कार्य को छोड़कर अपने हितों को साधने में लगे रहते हैं इसके साथ-साथ इस आदिवासी बाहुल्य जिले को जो भारी भरकम आवंटन प्राप्त होता है उसकी बंदरबांट में अपना दिमाग लगाते रहते हैं ये वो लोग हैं जो छात्रावासों की व्यवस्था को प्रभावित करते हैं छात्रावास अधीक्षकों की नियुक्ति में गंभीर रहते हैं इसके पीछे यही कारण होता है कि यदि इनका अपना व्यक्ति अधीक्षक होगा तो भारी भरकम राशि को हजम करने में सहुलियत होगी और यही कारण है कि छात्रावास अधीक्षकों की नियुक्ति को लेकर भी बहुत से मामले न्यायालय में या तो विचाराधीन है या कुछ के निर्णय भी आ चुके हैं। छात्रावासों में जिस हद तक का भ्रष्टाचार हो रहा है उसकी यदि गंभीरता से जांच की जाये तो ऐसे बहुत से सफेदपोस लोग जो ईमानदारी का चोगा ओढ़े हुये हैं उनकी असलियत सामने आ जायेगी। यही कारण है कि इस गुट के लोग ईमानदारी से काम कर रहे लोगों को लगातार न केवल परेशान करते हैं बल्कि इनकी या भी कोशिश होती है कि ऐसे लोग किसी जिम्मेदार पद पर न पदस्थ हों।

# खेल जीवन का आधार है-कलेक्टर सोमेश मिश्रा



*** अमल ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव SPARTA का भव्य शुभारंभ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

अमल ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल महाराजपुर में वार्षिक खेल महोत्सव SPARTA का आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया गया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने खेल महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत मशाल प्रज्वलन से की गई। इसके बाद मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन, फ्लैग होस्टिंग तथा बैलून रिलीज कर महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया। विद्यार्थियों की मनमोहक बैंड प्रस्तुति और अनुशासित परेड ने पूरे मैदान का माहौल रोमांचक बना दिया। महोत्सव में रिले रेस, 100 मीटर दौड़, फैंसी रेस, पैरैंट्स-चाइल्ड रेस सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह और प्रतिस्पर्धा भावना के साथ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा खेल केवल शरीर को नहीं, बल्कि मन को भी मजबूत बनाते हैं। खेलों से अनुशासन, टीमवर्क, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। हर छात्र को पढ़ाई के साथ नियमित रूप से खेलकूद में भाग लेना चाहिए।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री कछवाहा ने छात्रों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा खेल बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास का माध्यम हैं। ऐसे आयोजन बच्चों की ऊर्जा, प्रतिभा और प्रतिस्पर्धा की भावना को सही दिशा प्रदान करते हैं।

महोत्सव की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं अन्य श्रेष्ठ प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।



## 1068 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 4,58,700 रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में मंडला जिले में पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के नेतृत्व में मंडला पुलिस द्वारा दिनांक 26 नवंबर 2025 से 10 दिसंबर 2025 तक विशेष यातायात चेकिंग एवं जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु-दर को न्यूनतम स्तर पर लाना था। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात पुलिस एवं स्थानीय थाना प्रभारियों द्वारा सख्ती से चेकिंग की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 1068 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 4,58,700 रूपये का जुर्माना वसूला गया। प्रमुख उल्लंघनों में बिना बीमा वाहन चलाना, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाना, तेज गति से वाहन चलाना, तथा अमानक नंबर प्लेट का उपयोग शामिल था। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा ऑटो यूनियन, बस यूनियन एवं स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया। वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने, तथा वाहन से संबंधित सभी दस्तावेज—बीमा, पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस एवं परमिट—दुरुस्त रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया।



**आयोजन** | **बिछिया में वार्षिक खेल दिवस समारोह 2025 का भव्य आयोजन।**

# लर्निंग ट्री स्कूल में बच्चों की रिंग ड्रिल





*** विजयी विद्यार्थियो को प्रदान किये गये पुरूस्कार।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया

बिछिया के लर्निंग ट्री स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एस डी ओ पी बिछिया सौरभ तिवारी शिक्षक मंगलदास टांडिया, शिव सोनवानी (अध्यापक, विद्या ज्योति स्कूल) विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे। कार्यक्रम की शुरुआत नमो नमो शंकरा पर उत्कृष्ट योग प्रस्तुति से हुई, जिसमें क्लास पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्ले से यू के जी के नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत रिंग ड्रिल दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रही।

इसके बाद बच्चों ने विभिन्न रोमांचक खेलों में भाग लिया मिल्कमेन रेस, रैबिट कैरेट रेस, जेली फिस रेस, रैली रेस और 100 मीटर दौड़ में भाग लिया। अभिभावकों के लिए भी कार्यक्रम में टैग ऑफ वॉर और म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया, जिसमें माता-पिता ने पूरी उत्साह और जोश के साथ भाग लिया और मैदान का रोमांच बढ़ाया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल के सभी शिक्षकों ने अपनी मेहनत और समर्पण के साथ योगदान दिया। अतिथियों ने उनकी मेहनत और बच्चों की प्रस्तुति दोनों की दिल से सराहना की। अंत में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि एस डी ओ पी सौरभ तिवारी जी ने अपने संबोधन में कहा—“जीत और हार से अधिक महत्व भागीदारी का है। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से बच्चों में आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का विकास होता है।” इस प्रकार लर्निंग ट्री स्कूल, बिछिया की वार्षिक खेल उत्सव 2025 ऊर्जा, उत्साह और सफल आयोजन के साथ सम्पन्न हुई।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुद्ध कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्पिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाजार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण** – 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पत्ति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति फुुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण** – 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोलंकी पिता\पति संतोष सिंह सोलंकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप

## विप्र नारी शक्ति सेवा संस्थान द्वारा किया गया बसेड़िया का सम्मान



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मातृ शक्ति के प्रदेश व्यापी संगठन विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था ने बीते हुये दिवस संस्कार भारती प्रागंण में संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित करते हुये परशुराम सेना मप्र के जिला अध्यक्ष व समाजसेवी मुकेश बसेड़ियो को 24 वर्षों से सतत पीडित मानव सेवा के कार्यो में समर्पित व परशुराम सेना के दायित्व मिलने के पर धर्म, संस्कृति के साथ ब्राहाण हितों के साथ गौ माता के हितार्थ कार्यो हेतु मातृ शक्ति के प्रतिनिधि मंडल ने शाल श्रीफल व भगवान परशुराम का दिव्य छाया चित्र भेंट करते हुये सम्मानित किया गया।

## बसुरिया में सिंघाडों की बात को लेकर हुआ दो पक्षों में विवाद

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि लोग छोटी छोटी बातों को लेकर एक दूसरे की जान के दुश्मन बनकर मारपीट करने पर उतारू होने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बसुरिया में देखने मिली है जहां पर सिंघाडों की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने के चलते पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की शिकायत पर काउन्टर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बसुरिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह सिंघाडे देने गांव के बराती कहार के घर गया था। उसी दौरान गांव का ही बडे बीर कहार मिला और बोला की तू मंहगे सिंघाडे बेच रहा है मैने बोला की में सो रूपये पसेरी बैचता हूँ। इसी बात पर बडे बीर कहार तथा उसका भाई कमलेश कहार दोनो प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। वही दूसरे पक्ष की ओ से बडेवीर पिता तेजराम कहार द्वारा भी पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं बडा बाजार में सिंघाडे बेच रहा तभी गांव का लाल साहब कहार आया और सिघाडो की बात को लेकर गंदी गंदी गायिया देने लगा। इस दौरान लाल साहब का लड़का दुर्गेश कहार भी आ गया उसके द्वारा भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। इस दौरान जब बीच बचाव करने के लिये प्रार्थी की पत्नी व माँ आई तो उनके साथ भी मारपीट की गई। घठना को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउन्टर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टर कर रहे लोगों की जान से खिलवाड़

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** क्षेत्र मे इन दिनो फर्जी डिग्रीधारी, डॉक्टर अनपढ़ लोगो को दवाइयों के नाम पर लूट खसोट करने मे कोई कोर कसर बाकी नही रखते है? जबकि अंचल में पड़ोसी राज्यो के फर्जी डॉक्टरों द्वारा दवाई करने के नाम पर डिस्पेंसरी का संचालन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां पड़ोसी राज्यों बंगाल, बिहार, कलकत्ता,उड़ीसा आदि राज्यों सें आकर लोग डॉक्टरी पेशे को कमाई का जरिया बनाये हुए है और जो लोगों को दवाइयां करने के नाम पर ठगने मे कोई कोताही नही बरतते है? इतना ही नही मर्ज कितना भी जटिल क्यो न हो ये डॉक्टर दवाई करने से नही चूकते है। मजेदार बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इनसे दवाई करवाने क्षेत्र से अधिकांशतः अनपढ़ लोग आते है। जिसका फायदा ये चिकित्सक आराम से उठा रहे है,बकायदा अपने डिस्पेंशरी मे साइन बोर्ड लगाकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते है, इतना ही नही वोर्ड मे कई देशी व विदेशी संस्थानों से डिग्री पास करने का उल्लेख करते है जबकि हकीकत कुछ और ही है,इनमे अधिकांशतः पांचवी पास भी नही है। लेकिन उपचार के नाम पर लोगों को बेवकूफ बनाने मे माहिर है,इनमे दवा कराने के बाद लोगों को गंभी अवस्था मे चिकित्सालय लाया जाता है जिसमें गरीबों का पैसा और स्वास्थ्य दोनो का नुकसान हो चुका होता है ।

# नगर की सबसे बड़ी सौगात शुरू होने के पहले बताने लगी गुणवत्ता की सच्चाई, निकल रही दरारों को लीपा पोती के अंदर छिपाते हुये की जा रही है क्या लोकार्पण की तैयारी...?








**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** निश्चित तौर से जब नगर व क्षेत्र में कोई बड़ा विकास कार्य होता है तो वहां पर रहने वाले लोगों को बड़ी खुशी होते हुये देखी जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर की सबसे बड़ी सौगात यानि की रेलवे स्टेशन के समीप चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर बनाये जा रहे रेल्वे ओवर ब्रिज को देखते हुये जान पड़ रही थी। क्योंकि चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर रेलवे गेट के बंद रहने की स्थिति में चीचली सहित आस पास के दर्जनों गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है और जब यहां पर ओवर ब्रिज निर्माण की खबर सुनी थी तो लोगो के दिलों में इस बात की खुशी देखने मिल रही थी कि शीघ्र ही इस ओवर ब्रिज के निर्माण होने से उन्हें रेल्वे फाटक के बंद रहने की परेशानी से निजात मिल जावेगी। मगर यह सोच अब जहां क्षेत्रवासियों के लिये एक सपना साबित होते हुये जान पड़ रही है। क्योंकि इस ओवर ब्रिज के निर्माण को शुरू हुये वर्षो का समय निकल जाने के बाद भी अभी तक उपयोग में नही आ पा रहा है। सही मायने में देखा जावे तो ओवर ब्रिज के भूमि पूजन के दौरान जो पौधा रोपित किये गये थें वह फल देने की स्थिति में पहुंच चुके है। मगर इस ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य आज भी चलते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा नही हो पाया है। वही दूसरी ओर जिस भाग का निर्माण हो चुका है वहां पर निकल रही दरारे निश्चित तौर से अपनी गुणवत्ता की कहानी को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? वही दूसरी ओर बीते हुये कुछ दिनों देखा गया कि इस ओबर ब्रिज के शेष भाग का शीघ्रता के साथ निर्माण कार्य को पूर्ण करने में जुटी टीम तथा की जा रही लिपाई पुताई से जनचर्चाओं में सुना जा रहा है कि इस ओबर ब्रिज के लोकापर्ण करने की तैयारियाँ की जा रही है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस तरह निर्मित हो चुके ओबर ब्रिज के हिस्से में तहां तहां दारारे दिखाई दे रही है और उन पर थेगरा लगाते हुये की जा रही लीपा पोती को देखते हुये लोग यह कहने से नही चूक पा रहा है कि कही ऐसा तो नही की गुणवत्ता की सच्चाई को लीपा पोती के अंदर छिपाते हुये लोकापर्ण की तैयारी की जा रही है..? खैर सच्चाई जो भी हो उसे भगवान ही जाने मगर बीते हुये सात सालों से निर्माणाधीन यह ओबर ब्रिज अपने निर्माण के शुरूआती तौर से ही गुणवत्ता को लेकर चर्चाओं में बनने से नही चूक पाया है..? क्योंकि जब इस ओबर ब्रिज का निर्माण कार्य की शुरूआत हुई थी और रेलवे लाईन के इस ओर यानि की गाडरवारा साईड की दीवारे खड़ी हो ही रही थी और उस समय मौसम की पहली बारिश की मार भी नही झेल पाने की स्थिति में जहां दीवारे गूझा में भरे हुये कसार की तरह बिखर जाने के चलते इस ओर ब्रिज के निर्माण कार्य की गुणवत्ता खुलकर सामने आ चुकी थी..? इस संबंध में तत्कालीन क्षेत्र के विधायक सुनीता पटैल द्वारा अपत्ति दर्ज कराये जाने से अनुमान लग रहा था कि शायद इस तरह जरा सी बारिश के बीच धराशाही हुये निर्माण के चलते संपूर्ण कार्य को निरस्त करते हुये नये सिरे से कार्य किया जावेगा। मगर मात्र टूटे हुये भाग की जगह पर जोड़ तोड़ करते हुये उसे पुनः तैयार कर देना चर्चा का विषय बनने के साथ साथ निर्माण कार्य की संच्चाई संदिग्ध बनने से नही चूक पाई है..? इस तरह वर्षो से चल रहे निर्माण कार्य के चलते अब इस ओबर ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्णतः की ओर अग्रसर होते हुये तो दिखाई देने लगा है। वही दूसरी ओर युद्व स्तर पर चल रही पुताई से यह अनुमान लग रहा है कि शायद अब इस ओबर ब्रिज का शीर्घ ही लोकापर्ण होने की तैयारी की जा रही है...? मगर जब हमारी टीम द्वारा इस ब्रिज के निर्माण कार्य की सच्चाई का मौके पर पहुंचकर देखा गया तो निर्मित हो चुके ब्रिज के ऊपरी भाग में अनेक जगहों पर दरारे दिखाई देने के साथ उन्हें सीमेन्ट के माध्यम से जिस तरह जोड़ा गया है। यह सच्चाई इस बात को प्रतीत करने से नही चूक रही है कि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा अपनी गुणवत्ता की सच्चाई को छुपाने का प्रयास किया जा रहा हो...? लोगों का कहना है कि अभी तो इस ओबर ब्रिज का उपयोग होना भी शुरू नही हो पाया है और ऊपरी भाग में निकल रही दरार तथा आडी तिरछी हो रही दिवारों के भरोसे क्या लम्बी उम्र की कल्पना करना संभव हो पायेगा...? क्योंकि अभी तक निर्माण कार्य पूर्ण नही होने के कारण ब्रिज का उपयोग नही होने के बाद भी दरारे निकलने के साथ दीवारे आड़ी तिरछी दिखाई देने लगी है। इस स्थिति में यदि इस ओबर ब्रिज का उचोग होने लगेगा और बडे भारी भरकम वाहनों की धमाचौकड़ी मचेगी तो फिर क्या हाल होगा...? इस सच्चाई तथा जिस गति से निर्माण कार्य चलते हुये देखा जा रहा है उसके चलते अब ब्रिज को लेकर जनचर्चाओं में यह कहा जाने लगा है कि क्या लोकापर्ण की अवधि आने तक यह सौगात सुरक्षित रह पायेगी..? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि इस समय नगर का निर्माणाधीन ओबर ब्रिज शराब खोरी करने वालों के लिये प्रमुख अड्डा बन चुका है। यह सच्चाई ब्रिज के ऊपर भाग में खाली पड़ी हुई शराब को बाटले तथा अन्य प्रकार की सामग्री खुद ही उजागर करते हुये देखी जा रही है कि यहां पर किस तरह से शराब खोरी चलती है। इतना ही नही इस निर्माणाधीन ब्रिज के नीचे के भाग में जहां निर्माण कार्य पूर्ण होने के पहले से ही अतिक्रमण होने के साथ शाम होते ब्रिज के नीचे से लेकर ऊपरी हिस्से में होने वाली शराब खोरी स्थानीय स्तर के अधिकारियों की उदासीनता की कहानी को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। सही मायने में देखा जावे तो यह निर्माणाधीन रेलवे ओबर ब्रिज जहां अपनी गुणवत्ता को लेकर चर्चाओं में बन चुका है तो दूसरी ओर मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से लेकर उनके उपयोग को लेकर अपनी एक अलग ही पहचान बनाते हुये संपूर्ण क्षेत्र में अनोखी प्रसिद्वि हासिल करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। हैरत की बात तो इस बात को लेकर हो रही है कि करोड़ो की राशि से हो रहे इस सरकारी कार्य स्थल पर गुणवत्ता तथा कार्य की शुरूआत व पूर्णतः संबंधी किसी तरह की कोई सूचना संबंधि वोर्ड तक स्थापित नही किया गया है। जबकि नियम के अनुसार जब कोई को शासकीय राशि से किसी कंपनी द्वारा निर्माण कार्य किया जाता है तो उसकी संपूर्ण जानकारी कार्य स्थल पर वोर्ड लगाते हुये पारदर्शि तरीके से उजागर की जाती है। इस तरह जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी का परिणाम आने वाली समय में क्षेत्र की जनता को भोगने के लिये मजबूर होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है...?

# ओशो लीला आश्रम जन्म दिवस मनाते हुये सन्यासी ध्यान गतिविधियों में लीन





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक एवं आध्यात्मिक गुरु आचार्य रजनीश ओशो के जन्मोत्सव के मौके पर स्थानीय ओशो लीला आश्रम में तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जन्म महोत्सव कार्यक्रम में ओशो के संन्यासियों का उत्साह देखने काबिल है। यहां पर देखा जा रहा है कि क्षेत्रीय सन्यासियों के अलावा अन्य शहरों के संन्यासियों ने भी ओशो लीला आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में अपनी शिरकत कर विभिन्न ध्यान विधियो में लीन होकर आनंद उठाया । वहीं दूसरी ओर शिविर के शुभारंभ पर ओशो के संन्यासियों ने आश्रम परिसर में गीत संगीत के साथ केक काटकर ओशो का जन्म उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। वही ओशो की क्रीड़ा स्थली में बाहर से आए हुए संन्यासियों ने भरपूर आनंद लेते हुए ओशो से जुड़ी हुई यादों को सांझा किया । ओशो लीला आश्रम में स्थित मृत्यु बौद्ध स्थल पर भी सन्यासियों ने ओशो का स्मरण किया । मृत्यु बौध स्थल पर कई वर्षों पूर्व पुराना मंदिर हुआ करता था जहां 14 वर्ष की किशोर अवस्था में ओशो को मृत्यु का बोध हुआ था । ज्ञात हो कि आचार्य रजनीश ओशो का जन्म रायसेन जिले के छोटे से कस्बा कुछवाड़ा में 11 दिसंबर 1931 को ननिहाल में हुआ था । और उनकी मृत्यु 19 जनवरी 1990 में इंटरनेशनल कम्यून पुणे में हुई थी। ओशो का मानना था कि जब जन्म महोत्सव मनाया जा सकता है तो मृत्यु महोत्सव क्यों नहीं मनाया जा सकता। इसी के चलते ओशो के सन्यासी दोनों ही महोत्सव उत्साह के साथ मनाते हैं । वही बताया जाता है कि आचार्य रजनीश ओशो का बचपन का नाम रजनीश चंद्र मोहन जैन था उनकी प्रारंभिक शिक्षा नगर गाडरवारा के गंज प्राथमिक शाला में हुई तथा माध्यमिक स्तर से लेकर हायर सेकेण्डरी तक की पढ़ाई उन्होंन नगर के शासकीय आदर्श स्कूल जिसे जनता स्कूल के नाम से जाना जाता है उसमें पूर्ण की गई थी। इसके उपरांत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए पहले सागर विश्वविद्यालय गए वहां पर दर्शन शास्त्र में उन्होंने गोल्ड मेडल हासिल किया इसके बाद उन्होंने जबलपुर पहुंचकर रावटसन कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर रहकर अपनी सेवाएं दी। वही जबलपुर से ही उनकी आध्यात्मिक यात्रा प्रारंभ हुई जबलपुर के भंवर लाल स्थित मोल श्री वृक्ष के समक्ष आध्यात्मिक संबोधि घटित हुई । इस प्रकार जबलपुर से ही उन्होंने प्रवचन देना प्रारंभ किया ओशो की आध्यात्मिक यात्रा में जबलपुर का महत्वपूर्ण योगदान है। इस तरह नगर के ओशो लीला आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय शिविर में सक्रिय ध्यान नाथ ब्रह्म, विपसना, कुंडलनी, व्हाइट रोब, ब्रदरहुड ध्यान के साथ ओशो प्रवचन माला का श्रवण व सत्संग चल रहा है ओशो लीला आश्रम में संन्यासियों का जमघट लगा हुआ है।

## आये दिन एटीएम राशि खत्म होने से परेशान हो रहे उपभोक्ता

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** देश के प्रधान मंत्री द्वारा भारत देश को डिजीटल बनाने की सोच रखते हुए सभी व्यक्तियों को बैक खाते खुलवाने की शुरूआत करते हुए उनका लेनदेन करने के लिए एटीएम कार्डो की व्यवस्था दी गई है। इसी के चलते नगर में लगभग सभी बैकों द्वारा अपने एटीएम तो स्थापित किये गये है। मगर बैकों द्वारा एटीएम को लेकर बरती जा रही उदासीनता के चलते उपभोक्ताओं को आये दिन परेशान होना आम बात बन चुकी है। क्योंकि उपभोक्ताओं की सोच रहती है कि वह अपने साथ ज्यादा राशि लेकर इसलिए नही चलते है कि बैकों द्वारा प्रदान किये गये एटीएम कार्डो के माध्यम से जरूरत पड़ने पर राशि निकाल सकते है। मगर नगर में स्थापित एटीएमों में आये दिन देखा जाता है कि राशि खत्म होने के कारण उपभोक्ताओं को परेशान होने के लिए मजबूर होना। क्योंकि एटीएमों की रख रखाबों में बैको द्वारा बरती जा रही लापरवाही का ही परिणाम है कि न तो उनके द्वारा स्थापित किये गये ए टी एमों के पास न कोई सुरक्षा गार्ड रहता है और न ही कोई ऐसा व्यक्ति नगर में भ्रमण करते हुए दिखाई देता है जब एटीएम के अंदर राशि समाप्त हो जाती है तो उसकी सूचना पहुंचाते हुए राशि डालने की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। इस प्रकार से देखा जा रहा है कि 24 घंटे में मात्र एक बार ही निर्धारित राशि डाले जाने के कारण वह चंद घंटों में समाप्त होने की स्थिति में दिन दिन भर उपभोक्ताओं को एक ए टी एम से दूसरे ए टी एम तक भटकने के बाद भी खाली हाथ रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो लोग समय के बचाव को ध्यान में रखते हुये जहां उपभोक्ता बैकों में लगने वाली लाईनों से बचने के लिये एटीएमों के माध्यम से अपनी राशि निकाल कर अपने आपको सुरक्षित रखना चाहते है, मगर बैकों द्वारा इन खाली होने वाली एटीएमों को समय पर राशि नही भरने के कारण उपभोक्ताओं को बैक शाखाओं में पहुंचकर लम्बी लाईने लगाने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है।



# दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में बस स्टेन्ड के अभाव में लेना पड़ती है दुकानों पर शरण

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।**

इस समय चल रहे बारिस के सीजन में भले ही क्षेत्रवासियों को बारिश से राहत मिल गई है। मगर उमस भरी गर्मी से परेशान होते हुए देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि दादा धूनी वालों की नगर में बस स्टेन्ड के आभाव के चलते जहं बारिश में बसयात्रियों को भीगते हुए अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, वही गर्मी के दिनों में तेज धूप के चलते खुले मैदान में खड़े होकर बसों का इंतजार करते हुए देखा जाता है। इस नगर में देखा जाता है कि बाहर से आने वाले यात्री पानी और छॉव की तलाश में भटकते हुये देखे जाते है। बडे ही हैरत की बात है कि इतने बडे नगर में किसी भी प्रकार से बस स्टेन्ड नही होने के कारण बस यात्रियों को सदा ही परेशान होते हुए आसानी से देखे जा सकते है..? क्योंकि साईंखेड़ा में स्थाई बस स्टेण्ड एवं यात्री प्रतीक्षालय की सुविधा न होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नर्मदा नदी के झिकोली पर पुल का निर्माण होने के कारण जहां यह क्षेत्र प्रदेश की राजधानी भोपाल से जुड गया है जिसके चलते यहाँ से प्रतिदिन गाडरवारा, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिलवानी, उदयपुरा, मेहरागॉव, सिरसिरी, रायसेन, भोपाल सहित अनेको यात्री बसे निकलते है एवं झिकोली के लिये लगभग 25 टायमिंग बसे निकलती है। परन्तु विभिन्न स्थानों के लिये जाने वाले बस यात्रियों को बसों के इंतजार के लिये सड़क पर पेड़ के नीचे या फिर चाय पान की दुकानों पर बैठना पड़ता है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो महिला बस यात्रियों के लिये ऐंसी स्थिति में सर्वाधिक परेशानी होती है, जिसमें यहां पर स्थापित ब्लाक कार्यालय, उत्कृष्ठ विद्यालय सहित महाविद्यालय की स्थापना हो जाने के कारण अनेक महिलाओं के आलवा छात्राओं द्वारा बसो के माध्यम से ही आना जाना किया जाता है, मगर वह बस स्टेण्ड पर न होने के कारण यहां वहां भटकते हुए देखी जाती है, वही दूसरी ओर न तो महिलाओं के लिए यहां पर शौचालय है और न ही प्रसाधन की कोई सुविधा है जिसके कारण सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को भी ग्रहण लगने में कोई कसर बाकी दिखाई नही दे रही है, इस प्रकार के सच्चाई के चलते स्थानीय लोगो का कहना है कि यदि मवेशी बाजार का अतिक्रमण हटाकर एक सुविधायुक्त बस स्टेण्ड बना दिया जाये तो नगरवासियों के लिये एक बड़ी सौगात मिल जायेगी, वही दूसरी ओर दूर दूर से आने वाले धूनी वाले दादा के भक्तों को भी सुविधा मिलेगी, जिसके चलते क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र के लोगों द्वारा जनापेक्षा व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई जा रही है यात्रियों के लिये प्रतीक्षालय एवं सुविधायुक्त बस स्टेण्ड की स्थापना की जाये।

# सूखाखेरी में आयोजित दिव्यांग शिविर में मिली 178 लोगों को लाभ, आज शाहपुर तो कल सांईखेड़ा में लगेगा शिविर



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**

शासन की योजनाओं का आम जन तक लाभ पहुंचाने की सोच के चलते आये दिन जहां तहां शिविरों का आयोजन करते हुये आम जन को लाभ पहुंचाया जाता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये जनपद पंचायत बाबई चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सूखाखैरी में जिला सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्ति करण विभाग के तत्वाधान में एलिम्को द्वारा एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरण के लिए चिन्हांकन और परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस शिविर में 178 दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के उद्देश्य से उनका चिन्हांकित किया गया। शिविर में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को वाकिंग स्टिक, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, हियरिंग ऐड, कमर एवं घुटनों के बेल्ट आदि के लिए चिन्हांकित किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती राधा कमलेश अहिरवार व उपाध्यक्ष मनीष कौरव के आलवा अन्य जनप्रतिनिधि, उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती अंजना त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम पंचायत शाहपुर में आज 12 दिसम्बर को और जनपद पंचायत सांईखेड़ा में में कल 13 दिसम्बर को चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे।



**खबर संक्षेप**

## बैरीबांध में राजकुमार गोस्वामी के अवैध क्लीनिक के संचालन पर लगा प्रतिबंध

**हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा आज ग्राम बैरीबांध (जमुड़ी) अमरकंटक मुख्य मार्ग पर स्थित राजकुमार गोस्वामी के अवैध क्लीनिक पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में डी.एच.ओ.-1 डॉ. एस. सी. राय, प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी विकासखण्ड अनूपपुर डॉ. धनीराम सिंह श्याम, डी. एच. ओ.-2 डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि राजकुमार गोस्वामी द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था, जिसमें मरीजों को भर्ती करने की सुविधा पलंग तथा पैथालॉजी जांच की सुविधाएं संचालित थी। विभिन्न प्रकार की अवैध रूप से खरीदी हुई एलोपैथिक दवाईयां, बाटल, सिरिंज, एन्टीबायोटिक एवं पैथालॉजी जांच से संबंधित सामग्री निरीक्षण दल द्वारा जप्त की गयी। संबंधित क्लीनिक के बाहर उक्त अवैध क्लीनकि के संचालन पर प्रतिबंध लगाते हुये नोटिस चस्पा किया गया। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक संचालक उपस्थित नहीं पाया गया।

## जन समस्याओं के निवारण के लिए सुशासन शिविरों का होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर।** भारत सरकार द्वारा प्रदत्त निर्देश के अनुक्रम में जिले में सुशासन सप्ताह (19 से 25 दिसम्बर 2025) के तहत प्रशासन ग्राम की ओर कैंपों का आयोजन किया जाना है। इसी तारतम्य में जिला प्रशासन द्वारा तहसील जैतहरी के ग्राम पंचायत वेंकटनगर में 17 दिसम्बर को तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत करपा में 23 दिसम्बर को तथा तहसील कोतमा के ग्राम पंचायत कोठी में 24 दिसम्बर को जन समस्याओं के निवारण के लिए सुशासन शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुशासन शिविर के समुचित क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी तथा संबंधित क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त शिविर में जिला स्तर से ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को शिविर के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**स्वैच्छिकता के आधार पर किया गया सामूहिक श्रमदान**

# जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान कर दिया जल संरक्षण का संदेश





**डिंडौरी ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल संचय अभियान के अंतर्गत विकासखंड शहपुरा, जिला डिंडौरी के सेक्टर क्रमांक-5, ग्राम पंचायत राखी माल में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा बादीचूआ नाला में 35 बोरियों का बोरी बंधान किया गया। इस सामूहिक जल संरक्षण कार्य में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल बचाने का मजबूत संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान एवं विकासखंड समन्वयक डॉ. निलेश्वरी वैश्य की उपस्थिति रही। प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सुरेश सिंह, सचिव कमलेश धुर्वे, परामर्शदाता कमल साहू, एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्लयू के छात्र-छात्राओं सहित ग्राम की मातृशक्तियाँ एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान कर नाले में बोरी बंधान का कार्य पूर्ण किया। इस पहल से क्षेत्र के भूजल स्तर में वृद्धि, रबी फसलों की सिंचाई में सहूलियत तथा जंगल में रहने वाले पशु-पक्षियों के लिए जल उपलब्धता बढ़ने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने इसे प्रकृति संरक्षण के लिए अत्यंत उपयोगी कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण की शपथ ली और जल बचाने के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।

**15 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति के विरुद्ध खर्च किया 53 लाख रुपए**

# गंभीर वित्तीय अनियमितताओं में फंसे ब्लॉक प्रबंधक, संविदा सेवा से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त

**डिंडौरी।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत अजीविका दीदी कैफे संचालन में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आजीविका मिशन विकासखंड डिंडौरी के ब्लॉक प्रबंधक श्री टी.के. दास की संविदा सेवा को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। यह कार्रवाई जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायत एवं विस्तृत जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है।जन सुनवाई दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को कलेक्टर कार्यालय में प्राप्त शिकायत में बताया गया कि शाहपुर स्थित बहुरानी स्वयं सहायता समूह को कैफे संचालन हेतु 15 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। किंतु समूह की केशबुक जांच में 53,49,752 रुपये के व्यय का खुलासा हुआ, जो स्वीकृत राशि से कई गुना अधिक है और वित्तीय प्रावधानों के विरुद्ध है। अतिरिक्त राशि ग्राम संगठन से ऋण रूप में लेकर खर्च की गई, जिसकी सूचना एवं नियंत्रण नोडल अधिकारी श्री दास की जिम्मेदारी के अंतर्गत आता था। जिला पंचायत द्वारा 31 अक्टूबर, 10 नवंबर एवं 27 नवंबर 2025 को दास को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब तलब किया गया। समुचित अवसर दिए जाने के बावजूद उनके उत्तर असंतोषजनक पाए गए। इसके पश्चात तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया गया, जिसमें दास न तो पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत कर सके और न ही जांच में सहयोग किया। जांच अवधि में उनके व्यवहार एवं दस्तावेजों की अनुपलब्धता से शिकायत सही पाई गई।प्रशासनिक रिकॉर्ड में यह भी दर्ज है कि श्री दास को पूर्व में भी 5 बार कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उनके द्वारा न तो संतोषजनक उत्तर दिए गए और न ही कार्यप्रणाली में सुधार किया गया। जांच दल की रिपोर्ट में उनके विरुद्ध घोर लापरवाही, उदासीनता, स्वेच्छाचारिता तथा संविदा शर्तों का उल्लंघन सिद्ध हुआ।इन तथ्यों के आधार पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने मध्यप्रदेश शासन की संविदा सेवा मार्गदर्शिका–2023 तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संविदा नीति–2020 के प्रावधानों के अंतर्गत श्री त्रिभुवेन्द्र कुमार दास, विकासखंड समन्वयक, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन डिंडौरी की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की योजनाओं में अनियमितता, जवाबदेहीहीनता एवं वित्तीय अनुशासनहीनता को किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई प्रशासनिक पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है।

# 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं जेंडर आधारित हिंसा रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**डिंडौरी**

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में जिलेभर में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुढ़ियाखुर्द में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर प्रशासक वन स्टाप सेंटर द्वारा विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधानों एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बाल विवाह न करने एवं न होने देने की सामूहिक शपथ ली।

भारत सरकार द्वारा 25 नवम्बर 2025 से 10 दिसम्बर 2025 तक आयोजित जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यालय में एक संयुक्त कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 महिलाओं के संरक्षण, कानूनी अधिकार, शिकायत प्रक्रिया एवं उपलब्ध सहयोग तंत्र के बारे में जानकारी दी गई। लड़कियों को सामाजिक, मानसिक और कानूनी सुरक्षा के उपाय बताए गए। छात्र-छात्राओं को 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन एवं 181 महिला हेल्पलाइन हेल्पलाइन व सेवाओं की जानकारी दी । कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती सविता धार्वे उपस्थित रहीं। उन्होंने घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा, कानूनी सहायता तथा उपलब्ध सरकारी सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम का लक्ष्य विद्यार्थियों और समुदाय को यह संदेश देना है कि बाल विवाह मानवाधिकारों का उल्लंघन है और कानूनन दंडनीय अपराध है, साथ ही जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध समाज की सामूहिक जिम्मेदारी आवश्यक है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में पंखिनी अभियान एवं एनीमिया कैंप की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



**डिंडौरी ।**

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में पंखिनी अभियान एवं एनीमिया कैंप की कार्य योजना पर बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी गतिविधियों को प्रभावी बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई और विभागवार जिम्मेदारियाँ तय की गईं। बैठक में अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत पंकज जैन, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्याम सिंगौर, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुमन परस्ते, चन्द्रविजय महाविद्यालय प्राचार्य श्री एस के दुबे, शासकीय आईटीआई प्राचार्य खेमराज , एडिशनल योजना, पंचायत अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि पंखिनी अभियान के तहत पंजीकृत बालिकाओं को सशक्त एवं सक्षम बनाने के उद्देश्य से फिजिकल ट्रेनिंग और निःशुल्क कोचिंग क्लासेस शुरू की जाएंगी। स्पोर्ट्स विभाग को बालिकाओं की फिजिकल ट्रेनिंग की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को निःशुल्क कोचिंग क्लासेस संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान के अंतर्गत परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में चयनित बालिकाओं को नियमित फिजिकल ट्रेनिंग एवं निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी, ताकि वे विभिन्न प्रतियोगी एवं भर्ती परीक्षाओं के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। इसके साथ ही एनीमिया मुक्त किशोरी अभियान पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले की अधिक से अधिक किशोरी बालिकाओं की एनीमिया जांच की जाए तथा उन्हें आवश्यक परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग को प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है तथा शिविरों के माध्यम से व्यापक जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए. कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध कार्य करने और अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। जिले में पंखिनी अभियान एवं एनीमिया कैंप के माध्यम से बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सशक्तिकरण को नई दिशा देने की तैयारी प्रशासन द्वारा की जा रही है।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक संपन्न

**डिंडौरी।**



कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत पंकज जैन, अग्रणी जिला प्रबंधक रविशंकर, अग्रणी जिला अधिकारी (आरबीआई) एस सरवन, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र राजपूत, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, कृषि एवं कल्याण विभाग,उद्यानिकी, मत्स्य, जिला अधिकारी सहित सभी विभागीय अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि जिले के साख, जमा अनुपात जो 49 प्रतिशत दर्ज किया गया है उसमें सुधार करने की आवश्यकता है साथ ही प्राथमिकता के साथ प्राप्त क्षेत्र में बैंक द्वारा दिए जाने वाले ऋण तथा कृषि क्षेत्र, लघु उद्योग क्षेत्र में ऋण वितरण में प्रगति बढाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने विभिन्न शासकीय योजना तथा पीएमएफएमई, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बैंक क्रेडिट लिंकेज स्वयं सहायता समूह, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में प्राप्त लक्ष्यों को माह दिसंबर तक शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही लक्ष्य पूर्ति करने में लापरवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर जिम्मेवार अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी।

# टैली व मोबाइल रिपेयरिंग की 15 दिवसीय कार्यशाला शुरू



**डिंडौरी ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय चन्द्र विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डिंडौरी में पीएम ऊषा सॉफ्ट कंपोनेंट के अंतर्गत टैली सॉफ्टवेयर एवं मोबाइल रिपेयरिंग की 15 दिवसीय कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार दुबे, कोर्स कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रवि सिंह, सैडमैप के जिला समन्वयक श्री एस.के. शर्मा सहित विभिन्न ट्रेडों के विषय विशेषज्ञ कार्यक्रम मं। उपस्थित रहे। जिला समन्वयक श्री एस.के. शर्मा ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को कार्यक्रम की मुख्य विशेषताओं से अवगत कराया।मुख्य अतिथि डॉ. एस.के. दुबे ने पीएम ऊषा के अंतर्गत आयोजित कौशल विकास कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों कोरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लाभ बताए। इस अवसर पर

# कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तरीय टीम ने क्लीनिकों का किया निरीक्षण




**डिंडौरी ।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार 11 दिसंबर 2025 को जिला स्तरीय टीम द्वारा डिंडौरी मुख्यालय में संचालित विभिन्न निजी क्लीनिकों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक-2 में संचालित सुषमा यादव क्लीनिक, तुषार मजुमदार क्लीनिक एवं एस.के. विश्वास, पुरानी डिंडौरी परिसर में स्थित क्लीनिक बंद पाए गए।

इसके अतिरिक्त टीम द्वारा एम.के. राय तथा बी.एस. बिलागर, पुरानी डिंडौरी के क्लीनिकों का स्थल निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के पश्चात संबंधित क्लीनिक संचालकों को सभी वैध दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। यह भी स्पष्ट किया गया कि दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और वैधानिक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

# साई बाबा स्थापना दिवस पर भव्य चल समारोह, भक्तों में दिखा उत्साह

**शहपुरा**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले श्री साई मंदिर स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत इस वर्ष भी साई बाबा का भव्य चल समारोह निकाला गया। स्वास्थ्य केंद्र परिसर से आरंभ होकर चल समारोह ने पूरे बस्ती क्षेत्र का भ्रमण किया। चल समारोह में बड़ी संख्या में साई भक्त, नगरवासी एवं स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ शामिल रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला। कई भक्त डीजे की धुन पर नाचते-थिरकते हुए चल समारोह के साथ आगे बढ़ते नजर आए।

भक्तिमय माहौल में साई भजन, जयकारों और पुष्पवर्षा के बीच साई बाबा की प्रतिमा का पूरे मार्ग पर स्वागत किया गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि साई मंदिर स्थापना दिवस पर निकलने वाला यह चल समारोह वर्षों से शहपुरा क्षेत्र की धार्मिक परंपरा का अहम हिस्सा बन चुका है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चल समारोह शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में विश्व मानव अधिकार दिवस पर कार्यक्रम संपन्न



**अमरपुर।**

शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में विश्व मानव अधिकार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा डावर ने महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को अपनी मौलिक अधिकारों की पहचान के साथ इनकी उपयोगिता की ओर ध्यानाकर्षित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों को बताया गया हैं कि अपने एवं दूसरों के अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. निधि सिंह एवं छात्र - छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम बजाग ने निरीक्षण कर किसानों से की खेत तालाब के लाभों पर चर्चा

**डिंडौरी**



एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने पीएमKSY 2.0 के अंतर्गत परियोजना क्रमांक-03, जनपद पंचायत बजाग के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का दौरा कर खेत तालाब संरचनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर खेत तालाब के महत्व और इसके उपयोग से होने वाले लाभों पर विस्तृत चर्चा की।निरीक्षण के दौरान श्री देवांगन ने कहा कि खेत तालाब किसानों के लिए समृद्धि का आधार हैं, क्योंकि इससे वर्षा जल का संरक्षण होता है और फसल सिंचाई में स्थायी सुविधा मिलती है। उन्होंने किसानों को तालाब में संग्रहित जल का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग करने, माइक्रो सिंचाई तकनीकों को अपनाने तथा फसल विविधीकरण पर भी सुझाव दिए।भ्रमण के दौरान उन्होंने निम्न हितग्राहियों के खेत तालाबों का निरीक्षण किया—गीता बाई पति भरत सिंह, ग्राम गिरवरपुर,गुलाब सिंह पिता मान सिंह, ग्राम बसनिया,जानकी बाई पति कुंदे सिंह, ग्राम बोंदरतिहर सिंह पिता कुंवर सिंह, ग्राम शिवरी एसडीएम ने कहा कि खेत तालाब जैसी संरचनाएँ प्राकृतिक जल संरक्षण को बढ़ावा देती हैं और किसानों को वर्षभर सिंचाई के साधन उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने तथा समय-समय पर कृषि विभाग द्वारा दी जा रही तकनीकी सलाह का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# कड़कड़ाती ठंड में अलाव तक नसीब नहीं, ठिठुर रहे राहगीर

**डिंडोरी/शहपुरा**



शहपुरा नगर में इस समय कड़कड़ाती ठंड अपने चरम पर है। सुबह-शाम पारा लगातार नीचे लुढ़क रहा है, लेकिन इसके बावजूद नगर परिषद की ओर से अलाव जलाने जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं कराई गई। नगरवासियों से लेकर बस स्टैंड पर रात भर ठहरे रहने वाले मुसाफिर, बुजुर्ग और बेजुबान मूक पशु तक भीषण सर्दी में ठिठुरने को मजबूर हैं।नगर के मुख्य तिहारियों, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र, अस्पताल रोड और प्रमुख चौक-चौराहों पर प्रशासन द्वारा हर वर्ष अलाव की व्यवस्था की जाती थी, लेकिन इस बार नगर परिषद पूरी तरह बेफिक्र नजर आ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इतनी घोर ठंड में अलाव की व्यवस्था न करना समझ से परे है—क्या यह लापरवाही जानबूझकर की जा रही है, या फिर परिषद की उदासीनता का नतीजा?

रात के समय बस स्टैंड पर यात्री कम्बल के सहारे सर्दी काटते दिख रहे हैं, वहीं दुकानदारों और राहगीरों ने नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि "करोड़ों का बजट होने के बाद भी अलाव जैसी छोटी सुविधा न देना नगर परिषद की अकर्मण्यता का प्रमाण है।" लोगों ने मांग उठाई है कि ठंड के इस कठोर मौसम में तत्काल हर महत्वपूर्ण स्थान पर अलाव की व्यवस्था की जाए, ताकि गरीब, जरूरतमंद और रातभर सफर करने वाले लोग राहत पा सकें। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिक गई हैं कि खबर प्रकाशित होने के बाद नगर परिषद कब हरकत में आती है और कितनी जल्द अलाव की व्यवस्था शुरू कराती है।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 178 दिव्यांगजनों व वृद्धजनों का हुआ चिन्हांकन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले की जनपद पंचायत बाबई चीचली की ग्राम पंचायत सूखाखैरी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर के तत्वाधान में एलिम्को द्वारा एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरण के लिए चिन्हांकन और परीक्षण शिविर गुरुवार को आयोजित किया गया। शिविर में 178 दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के उद्देश्य से उनका चिन्हांकित किया गया। शिविर में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को वाकिंग स्टिक, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, हियरिंग ऐड, कमर एवं घुटनों के बेल्ट आदि के लिए चिन्हांकित किया गया।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले की गोटेगांव तहसील के ग्राम गड़रियाखेड़ा के निवासी आकाश पिता अरविंद कहार और अतुल पिता अरविंद कहार कृषि संबंधित कार्य के दौरान खेत में लगे हुए नलकूप के वायर में पैर रख जाने से विद्युत करंट लग जाने पर दोनों की मृत्यु 5 अगस्त 2024 को हो गई थी। मृतक के निकटतम वारसान उनके पिता अरविंद कहार पिता मन्नूलाल कहार को मुख्यमंत्री जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 4- 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह जानकारी डिप्टी कलेक्टर नरसिंहपुर ने दी।

### लोकायुक्त की कार्रवाई, वेतन निकाले के एवज में मांगी थी राशि

# सहकारिता विस्तार अधिकारी 3 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस लोकायुक्त की जबलपुर टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए सहकारिता विस्तार अधिकारी को 3 हजार रूपए की राशि लेते हुए रंगो हाथों गिरफ्तार किया गया। उक्त संबंध मे बताया गया अधिकारी द्वारा पीड़ति से वेतन निकाले के एवज में राशि की मांग की गई थी जिस लेकर पीड़ति कर्मचारी द्वारा लोकायुक्त विभाग में शिकायत की गई और लोकायुक्त द्वारा योजना बनाकर 3 हजार की रिश्वत लेते हुए सहकारिता विस्तार अधिकारी को गिरफ्तार किया गया। लोकायुक्त द्वारा जब्ती की कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया। ज्ञात हो कि आरोपी संजय दुबे की कार्यप्रणाली पूर्व से विवादित रही है कई द्वारा उनके खिलाफ शिकायतें की गई लेकिन उसके बाद भी उनकी कार्यशैली में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

#### मामला इस प्रकार

जिले की तहसील गोटेगांव की सिमरिया के समिति प्रबंधक के दो माह के वेतन निकालने के एवज में सहकारिता विस्तार अधिकारी संजय दुबे ने तीन हजार रूपयों की रिश्वत मांगी थी। जिसकी शिकायत समिति प्रबंधक देवी प्रसाद तिवारी ने लोकायुक्त से की। लोकायुक्त ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद सहकारिता कार्यालय नरसिंहपुर में रिश्वत लेते हुए आरोपी संजय दुबे को पांच-पांच सौ रूपये के नोट लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। लोकायुक्त टीम निरीक्षक शशिकला मसकुले ने बताया कि पैसे मांगे जाने की शिकायत गोटेगांव के सिमरिया तहसील के समिति प्रबंधक देवी तिवारी ने की थी। आवेदक एवं उसके कर्मचारियों का माह अक्टूबर- नवंबर माह का वेतन निकालने के बदले में 3000 रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही थी।

#### आरोपी से पूछताछ कर रही लोकायुक्त

शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त टीम ने पहले उसकी पुष्टि की। इसके बाद एक योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया गया। गठित टीम ने प्रबंधक तिवारी द्वारा दी जाने वाली रकम पर रासायनिक पाउडर लगाकर आरोपी तक पहुंचाने की रणनीति बनाई। योजना के अनुसार जैसे ही सहकारिता निरीक्षक संजय दुबे ने प्रबंधक देवी प्रसाद तिवारी से 3 हजार रुपये की रिश्वत ली और लोकायुक्त टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। रिश्वत की रकम उनके कब्जे से बरामद कर ली गई। लोकायुक्त अधिकारियों ने मौके पर ही सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं तथा आरोपी संजय दुबे के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ कर उसकी अन्य गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। लोकायुक्त टीम यह भी पता लगा रही है कि क्या आरोपी ने पहले भी किसी अन्य व्यक्ति से इसी तरह की अवैध वसूली की है।

#### इनकी रही भूमिका

उक्त कार्रवाई में आवेदक द्वारा इस संबंध में लोकायुक्त जबलपुर में शिकायत करने के पश्चात आवेदक के आवेदन पत्र के सत्यापन हेतु पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त जबलपुर द्वारा कार्यवाही में सात सदस्यीय टीम बनाई जिसमें निरीक्षक शशिकला मसकुले, निरीक्षक राहुल गजभिए, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, आरक्षक जुवेद खान, अमित मंडल, पंकज विष्ट, अंकित दाहिया को आदेशित किया गया। सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा आवेदक से 3 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई, जिन्हें आज गुरूवार को आवेदक से 03 हजार रुपए रिश्वत राशि ग्रहण करते रंगे हाथों ट्रेप किया गया। वहीं शिकायतकर्ता देवी प्रसाद तिवारी ने बताया कि लोकायुक्त से पकड़वाने की नसीहत के बाद भी मुझसे संजय दुबे ने रिश्वत मांगी थी।



## सुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा हर गुरुवार को विधायक निवास पर आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में इस सप्ताह कुल 187 आवेदन प्राप्त हुए। अपने-अपने प्रकरण लेकर पहुंचे आमजन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए श्री पटेल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद का यह सशक्त मंच ग्रामीण अंचलों के लोगों के लिए बड़ी उम्मीद बन चुका है। लोग अपनी समस्याओं को लेकर बिना किसी हिचक के पहुंचते हैं और उनके त्वरित निराकरण से संतुष्ट होकर वापस लौटते हैं। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि जनसुनवाई में 187 आवेदनों की प्राप्ति हुई इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी गणमान्य नागरिक सहित अनेक समाजसेवी जन मौजूद रहे।

## नारायण महोबिया झुग्गी झोपड़ प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पदाधिकारी नियुक्त किए गए जिसमें देवरी कलां निवासी नारायण महोबिया को झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। उनकी इस नियुक्ति पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## स्कूलों का किया निरीक्षण, भोजन की देखी गुणवत्ता



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाले प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा जारी संशोधित समय सारणी अनुसार पाठ्यक्रम अनुसार शैक्षणिक वर्ष के मध्य में आयोजित अर्धवार्षिक मूल्यांकन एवं विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जाँच करने के उद्देश्य से विकासखंड नरसिंहपुर विकासखंड स्रोत समन्वयक, बीएसी द्वारा शालाओं का अवलोकन किया गया। बीआरसी एवं बीएसी द्वारा किए गए अवलोकन के दौरान छात्र छात्राओं से मूल्यांकन में सहजता से प्रश्नों के उत्तर लिखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शालाओं के अवलोकन के दौरान कक्षा पहली दूसरी के बच्चों की भाषा, गणित, अंग्रेजी विषय की अभ्यास पुस्तिका के सप्ताह के अनुसार अभ्यास पुस्तिका में बच्चों द्वारा किए जा रहे शिक्षण कार्य का देखा एवं छात्र छात्राओं द्वारा दिए गए अर्धवार्षिक मूल्यांकन की उत्तरपुस्तिकाओं का विधिवत जांच कर परिणाम निर्धारित समय पर तैयार करने, कक्षा शिक्षण के दौरान सहायक सामग्री के साथ समझ के साथ रुचिकर अध्यापन कराने शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान बच्चों को विद्यालय में मिलने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, किचिन एवं उपयोग किए जाने वाले बर्तन की साफ सफाई का निरीक्षण किया।

## प्रशासन ने मिटाया अस्थाई रास्ता



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस खनिज विभाग एवं प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत बरहटा के ग्राम केकरा में अवैध खननकर्ताओं द्वारा अवैध खनन को रोकने के लिए की गई कार्रवाई में अवैध खननकारियों द्वारा सीतारेवा नदी में बनाए गए मार्ग को ध्वस्त किया गया। ज्ञात हो अवैध खननकारियों द्वारा नदी पर अस्थाई मार्ग के साथ पुलिया बनाई गई थी जिसे प्रशासन एवं खनिज विभाग द्वारा मिटाया गया। प्रशासन द्वारा अवैध खनन को रोकने के लिए प्रयास किए जा रहे है। प्रशासन अवैध खनन करने वाले असामाजिक सामाजिक तत्वों की जांच पड़ताल की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन करने के लिए बनाई गई लीड एवं पुल को जेसीबी से तोड़ा गया।

## भीषण टक्कर में ट्रक हेल्पर घायल, टूटा पैर



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में गुरुवार दोपहर नेशनल हाईवे-44 पर बकोरी टोल नाके के पास सड़क हादसा हुआ। राजस्थान से नागपुर जा रहे एक ट्रक को एक कंटेनर ने टक्कर मार दी, जिससे ट्रक का सहायक (हेल्पर) घायल हो गया। तकनीकी खराबी के कारण एक ट्रक हाईवे किनारे खड़ा था। दोपहर लगभग 1 बजे एक कंटेनर ट्रक के सामने आकर रुका और अचानक पीछे आने लगा (रिवर्स लेने लगा)। कंटेनर के पीछे आने से खड़ा ट्रक बुरी तरह दब गया। इस टक्कर से ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सहायक कृष्णा गुर्जर, जो धौलपुर, राजस्थान का निवासी है, गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसका पैर टूट गया और वह ट्रक के केबिन में फंस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बकोरी टोल नाके को सूचना दी, जिसके बाद एम्बुलेंस तुरंत पहुंची। घायल कृष्णा गुर्जर को नरसिंहपुर के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद कंटेनर को मौके पर ही रोक लिया गया है। टोल नाका प्रबंधन ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। स्टेशनगंज थाना प्रभारी सौरभ पटेल ने बताया कि वे इस मामले की जानकारी ले रहे हैं।



## कॉलेज चलो अभियान का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए और छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से कॉलेज चलो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। महाविद्यालय की यह पहल नई शिक्षा नीति और सरकारी योजनाओं के तहत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अभियान की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर. बी. सिंह के मार्गदर्शन व कॉलेज चलो अभियान टीम के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश दुबे के नेतृत्व में की गई। इस टीम में समिति की सह-संयोजक डॉ. नमिता साहू, सदस्य सुश्री इंदु सिंह, और सहायक क्षीरसागर शामिल थे। टीम ने। सबसे पहले पीएम श्री एमएलबी शासकीय हायर सेकेंडरी व एक्सीलेंस स्कूल का दौरा किया। विद्यालय में उपस्थित कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने हेतु एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिसमें कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में महाविद्यालय ने शिक्षा और शोध के क्षेत्र में जो कीर्तिमान स्थापित किए हैं, उनसे विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

## चर्या शिरोमणि के साथ मुनि संघ की जोरदार आगवानी,जगह जगह पाद प्रक्षालन आरती मंगल कलश रंगोली







**तेंदूखेड़ा**

श्री मज्जिनेंद्र कल्याणक महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ पट्टाचार्य चर्या शिरोमणि 108श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होने को लेकर गुरुवार को सुबह सुबह तेंदूखेड़ा नगर की धरा पर पट्टाचार्य चर्या शिरोमणि श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के साथ साथ श्रमण श्री 108 सुब्रत सागर अनुत्तर सागर प्रणेय सागर प्रणय सागर प्रणव सागर सर्वार्थ सागर साम्य सागर संजयंत सागर यशोधर सागर योग्य सागर यतींद्र सागर यत्न सागर निर्ग्रन्थ सागर निसंग सागर निर्विकल्प सागर जितेन्द्र सागर सुभग सागर सिद्धार्थ सागर सहर्ष सागर सत्यार्थ सागर सार्थक सागर सार्थ सागर समकित सागर सम्यक सागर नियोग सागर अनुयोग सागर साक्ष्य सागर और निवृत्त सागर जी महाराज ससंघ तेंदूखेड़ा के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मिनी स्टेडियम के समीप विशाल जनसमूह के साथ हाथी घोड़ा बग्घी अखाड़ों के बीच भव्य आगवानी की गई जिसमें नगर एवं आस पास ग्रामीण क्षेत्रों जिलों के सभी वर्गों धर्मों के लोगों ने आगवानी की गई। मुख्य सड़क मार्गों पर जगह जगह मुनि संघ का पाद प्रक्षालन किया गया जिसमें नगर विद्वान पंडित गायत्री परिजन सदगुरु विद्यापीठ श्री राम रसिया भक्त मंडल के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों के साथ दिगम्बर जैन समाज के छोटे छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस बीच तेंदूखेड़ा में विराजमान मुनि साक्ष्य सागर एवं निवृत्त सागर जी महाराज के द्वारा अपने गुरु वर का भक्ति भाव के साथ जोरदार आगवानी की।

#### ध्वजारोहण के साथ पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ

पट्टा चार्य चर्या शिरोमणि एवं सभी मुनि राजों की उपस्थिति में दिगम्बर जैन समाज की रीति नीति के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिष्ठाचार्यों द्वारा पूजन के उपरांत ध्वजारोहण कराया गया जिसका सौभाग्य क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय शर्मा आयोजन समीति के अध्यक्ष डा शर्चींद्र मोदी एवं नगरपरिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा को मिला।

**भारत भूमी अस्त्र-शस्त्र की ही नहीं शास्त्रों की भी जननी है**

ध्वजा रोहण के उपरांत मंगलाचरण के उपरांत पंचकल्याणक महोत्सव परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को आर्शीवाद स्वरूप अपने प्रवचनों के माध्यम से पट्टाचार्य चर्या शिरोमणि विशुद्ध सागर जी महाराज ने तेंदूखेड़ा में सभी वर्गों धर्मों की धार्मिक भावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर जब जब जीव के पुण्य कर्मों का उदय होता है तव तब ऐसे धार्मिक आयोजन हुआ करते हैं।भारत भूमी में अतिथि देवो भव का भाव आदिकाल से ही विद्यमान रहा है।इस भूमी पर अस्त्र-शस्त्र तो रहें ही है लेकिन शास्त्रों का जनक भारत ही है जिसका संपूर्ण विश्व अनुशरण करता है। पट्टा चार्य ने शून्य और ओंकार शब्द की महिमा का वर्णन काफी विस्तार से करते हुए कहा कि ऊं शब्द में ही दुनिया का सार है और शून्य के बिना कभी रिक्तियां पूर्ण नहीं की जा सकती।

#### महान व्यक्तित्व के प्रच्छन्न संस्कार

ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ हुए पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में प्रतिष्ठिता चार्य पं श्री सनतकुमार विनोद कुमार तथा सहप्रतिष्ठाचार्य पं कमल कुमार शास्त्री एवं प्रवेंद्र कुमार के द्वारा गर्भ कल्याणक पूर्व रुप के तहत प्रथम दिवस प्रातः सुबह सात बजे से नित्य पूजा देवाज्ञा गुरु आज्ञालंभन आचार्य निमंत्रण जाप्यनुष्ठान मंगल ध्वज स्थापना घटयात्रा वेदिका शुद्धि सकलीकरण इंद्र प्रतिष्ठा नांदीविधान मंडप प्रतिष्ठा के उपरांत दोपहर 12 बजे श्री याग मंडल विधान रात्रि सात बजे से आरती प्रवचन इन्द्र दरबार तत्व चर्चा कुबेर द्वारा अयोध्या की रचना रत्न वृष्टि अष्ट कुमारियों द्वारा माता की सेवायें सोलह स्वप्नदर्शन एवं गर्भ कल्याण की आंतरिक क्रियायें तथा रात्रि नौ बजे से बालक बालिका मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

#### जेबकतरों ने काटे जेब

इस वृहद आयोजन में पहले दिन ही जेबकतरों ने लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों के जेब साफ कर दिये पीड़ित व्यक्तियों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि किसी के जेब से 17 हजार तो किसी के जेब से 37 सौ रुपए ही पार कर दिए गए हैं ऐसे बहुत से लोगों के जेब कटे हुए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इन पर लगाम लगाने की दिशा में सभी वर्गों को पैनी नजर रखने की जरूरत है।

## जूनून की जीत -साध्वी पगारे का राष्ट्रीय जूनियर वॉलीबॉल टीम में चयन



**गोटेगांव** स्थानीय श्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की होनहार छात्रा साध्वी पगारे को राष्ट्रीय स्तर की जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे विद्यालय और जिले के लिए गर्व का विषय है।साध्वी पगारे, जो नरेंद्र पगारे और श्रीमती संध्या पगारे की सुपुत्री हैं, अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर मध्य प्रदेश की टीम में स्थान बनाने में सफल रही हैं। वह आगामी दिनों में मंदसौर में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर (कैंप) में भाग लेंगी। इस शिविर के बाद, साध्वी मध्य प्रदेश की टीम के साथ राजस्थान के झुंझुनू में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शामिल होंगी। इस प्रतियोगिता में वह अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।छात्रा साध्वी पगारे को यह सफलता उनके प्रशिक्षकों (पी.टी.आई.) राहुल नामदेव एवं उमाकांत सिंह राजपूत के अथक मार्गदर्शन और विशेष प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप मिली है।साध्वी की इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय की बाल शिक्षा समिति के संरक्षक जालम सिंह पटेल, पूर्व अध्यक्ष डॉ. गौतम भद्र, पूर्व सचिव सिंघई अनिल कुमार जैन सहित वर्तमान अध्यक्ष पंकज जैन, उपाध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत और अजीत खरया, सचिव बी.डी. सोनी, कोषाध्यक्ष शिवाजीत ताम्रकार, सह सचिव आनंद अग्रवाल ने बधाई दी है। इसके अलावा, प्राचार्य शिव शंकर पाठक, उप प्राचार्य संदीप जैन, प्रधान पाठक संदीप वर्मा, प्रधान पाठक दीपक कुशवाहा, और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## शंकराचार्य महाविद्यालय ने किया कॉलेज चलो अभियान का शुभारंभ

**गोटेगांव** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत स्थित श्री जगद्गुरु शंकराचार्य कला, वाणिज्य एवं विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय, श्रीनगर ने उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप पाठक के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान के पहले चरण के पहले सप्ताह का उद्घाटन किया। यह अभियान 5 दिसंबर 2025 को शुरू हुआ है और 5 जनवरी 2026 तक चलेगा।

#### विद्यार्थियों को मिला उचित मार्गदर्शन

अभियान के तहत, शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर, शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर, और एच.एस.सी. विद्यालय श्रीनगर जैसे संस्थानों का दौरा किया गया। यहां 12वीं कक्षा में पढ़ रहे छात्रों को ई-प्रवेश की प्रक्रिया, महाविद्यालय की विशेष सुविधाओं, सही विषय के चयन, शासन द्वारा मिलने वाली छात्रवृत्तियों की जानकारी, रोजगार के अवसर, और कौशल आधारित शिक्षा के महत्व पर विस्तृत और उचित मार्गदर्शन दिया गया।



#### अभियान में इनकी रही उपस्थिति

इस महत्वपूर्ण पहल के शुभारंभ के दौरान कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी प्रो. राहुल नेमा के साथ-साथ विवेक जैन, डॉ. आशीष ठाकुर, छत्रपाल पटेल, अंकित नामदेव, भूपत सेन, अंकिता नामदेव, अर्चना सोनी, एस.पी. डेहरिया, प्रो. इंद्रजीत धनोरिया, सत्येंद्र तिवारी, चंदन विश्वकर्मा, भूपेश सेन, आयूष तिवारी, और दिनेश कहार की उपस्थिति रही।

## यात्रियों को नहीं मिल रही प्लेटफार्म एक पर कुर्सी और शेड एवं शौचालय की व्यवस्था




**गोटेगांव** नगर के श्रीधाम रेलवे स्टेशन का अमृत महोत्सव के तहत स्टेशन पर जिस तरह का कार्य होना था, वह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अधिकारियों के द्वारा जल्दबाजी में इसे लोकार्पित करके इतिश्री कर दी गई है।श्रीधाम स्टेशन पर तीन प्लेटफार्म मौजूद हैं, जिनमें एक प्लेटफार्म अप लाइन का है और दो प्लेटफार्म डाउन लाइन के हैं।डाउन लाइन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर कई जगह पर यात्रियों को बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था नहीं है। साथ ही, प्लेटफार्म पर गर्मी और बारिश से बचने के लिए शेड की व्यवस्था भी नहीं की गई है।

#### सीढ़ी चढ़कर जाना पड़ता है प्लेटफार्म पर

श्रीधाम स्टेशन पर टिकट लेने के बाद किसी बुजुर्ग या दिव्यांग यात्री को प्लेटफार्म पर जाना है तो उन्हें 1965 के समय निर्मित ब्रिज का इस्तेमाल करना ही पड़ेगा। ऐसे यात्री को ट्रेन पकड़ने के लिए सीढ़ी चढ़कर और उतरकर प्लेटफार्म पर जाना पड़ता है। इसके अलावा यहां पर कोई अन्य विकल्प नहीं है, जिससे ऐसे यात्री को राहत मिल सके।इस प्लेटफार्म पर ट्रेनें तभी आकर रुकती हैं, जब किसी ट्रेन की क्रॉसिंग होती है, वरना डाउन लाइन के प्लेटफार्म क्रमांक दो पर आकर रुक कर चली जाती हैं। यात्रियों की मांग है कि इस प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए बैठने और खड़े होने के लिए शेड की व्यवस्था की जाए।*तीन नंबर प्लेटफार्म पर नहीं शौचालय*रेल यात्रियों का कहना है कि श्रीधाम रेलवे स्टेशन के 3 नंबर प्लेटफार्म पर जबलपुर की ओर सुलभ शौचालय न होने से महिला यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि 3 नंबर पर जो बनाया गया सुलभ शौचालय हैं वह नरसिंहपुर की ओर बहुत आगे साइड बना हुआ है रेल यात्रियों ने 3 नंबर प्लेटफार्म पर सुलभ शौचालय बनाने की मांग करने के साथ-साथ दूसरे चरण का निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ कर जल्द से जल्द किए जाने की बात कही है।